वैगन रिपेयर शॉप राजभाषा संदेश

मार्च 2021 | अंक– 9

श्री गौतम बनर्जी,महाप्रबंधक, दपूमरे बिलासपुर का वैगन रिपेयर शॉप रायपुर में दिनांक 25-03-2021 को वार्षिक निरीक्षण

श्री गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, दपूमरे,बिलासपुर ने 25 मार्च को वैगन रिपेयर शॉप रायपुर का वार्षिक निरीक्षण किया । महाप्रबंधक महोदय ने निरीक्षण के दौरान यहाँ किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहाँ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से आज वैगन रिपेयर शॉप रायपुर पूरे भारत में एक अलग स्थान रखता है। यहाँ रेलवे बोर्ड द्वारा जो लक्ष्य प्रदान किया जाता है उसे सभी मिलकर गंभीरता से पूरा करते है ये काफी सराहनीय है। महाप्रबंधक महोदय ने वैरिशॉ को नकद पुरस्कार स्वरुप रु 1,75,000/- की राशि प्रदान करने के घोषणा की।

निरीक्षण के दौरान प्रधान कार्यालय बिलासपुर से श्री ए.के.एस. गणवीर, प्र.मु.यां.इंजी., श्री एन.डी. राव, प्र.मु.सा.प्र., श्री अमिताभ निगम, प्र.मु.वि.इंजी., श्री छत्रसाल सिंह, प्र.मु.परि.प्र., श्री एस.के.गुप्ता, प्र.मु.इंजी., श्री हिमांशु जैन, सचिव महाप्रबंधक, श्री अमिताव चौधरी,मु.यां.इंजी., रायपुर से श्री सुबोध चौधरी,मु.क.प्र., श्री लोकेष विश्नोई, अपर मं. रे. प्र., डॉ.दर्शनिता बी. अहलुवालिया, अपर मं. रे. प्र.(इंफ़्रा) एवं अन्य अधि. उपस्थित थे।

गणमान्य व्यक्तियों का दौरा

श्री ए.एस.गणवीर, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने 26 फ़रवरी को वैगन रिपेयर शॉप रायपुर का दौरा कर Enhancement projects के प्रगति की समीक्षा की । कार्य की गुणवत्ता तथा हाउसकीपिंग की सराहनीय कार्यों से प्रभावित हो कर नकद पुरस्कार रु. 15000/- की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

श्री एस. श्रीनिवास, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने 09 जनवरी को वैगन रिपेयर शॉप रायपुर का दौरा कर Enhancement projects के प्रगति की समीक्षा की । उन्होंने हाउसकीपिंग की सराहनीय कार्य से प्रसन्न हो कर नगद पुरस्कार रु. 5000/- एवं कर्मशाला में निर्मित कई विशाल कलाकृतियों के लिए उन्होंने नगद पुरस्कार रु. 10000/- की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

हिंदी साहित्यकार

फणीश्वर नाथ रेणु

जन्म: फणीश्वर नाथ रेणु का जन्म 4 मार्च 1921 को औराडी हिंगन्ना, जिला- पूर्णिया बिहार में हुआ। आप आजीवन शोषण और दमन के विरुद्ध संघर्षरत रहे। इसी प्रसंग में सोशलिस्ट पार्टी से जुड़े व राजनीति में सक्रिय भागीदारी की।

1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भाग लिया। 1950 में नेपाली दमनकारी रणसत्ता के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार रहे । 1954 में " मैला आंचल" उपन्यास प्रकाशित हुआ तत्पश्चात हिंदी कथाकार के रूप में अभूतपूर्व प्रतिष्ठा मिली।

जे.पी. आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की और सत्ता द्वारा दमन के विरोध में पद्मश्री का त्याग कर दिया। हिंदी कथा लेखन मैं सर्वश्रेष्ठ रहे । इनका देहांत 11 अप्रैल 1977को पटना में हुआ ।

साहित्य सृजन:

कहानी संग्रह: ठुमरी, अग्निखोर और आदिम रात्रि की महक, एक श्रावणी दोपहरी की धूप, अच्छे आदमी।

उपन्यास: मैला आंचल, परती परिकथा, दिर्घतया, कलंक -मुक्ति, कितने चौराहे, पलटू बाबू रोड।

संस्मरण: ऋणजल-धनजल, वन तुलसी की गंध, श्रुत अश्रुत पूर्व।

वैरिशॉ क्रिकेट प्रतियोगिता-2021

दिनांक 03-01-2021 से 26-01-2021 तक रेलवे इंस्टिट्यूट ग्राउंड में "वैरिशा क्रिकेट प्रतियोगिता-2021" का आयोजन रेलवे इंस्टिट्यूट वैरिशा रायपुर की कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा किया गया। इस आयोजन में कारखाना के 10 टीम ने भाग लिया जिनमे कुल 170 कर्मचारियों ने भाग लिया 26-01-2020 को बॉडी-II और बोगी शॉप के मध्य खिताबी मुकाबला हुआ जिसमें बॉडी-II विजयी रही। मुख्य अतिथि श्री सुबोध चौधरी, मुख्य कर्मशाला प्रबंधक वैगन रिपेयर शॉप रायपुर के करकमलों से खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया।

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक माह कर्मशाला और में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

5S सर्विलांस ऑडिट

द्वितीय 5S सर्विलांस ऑडिट 08-09 फरवरी को किया गया ।

वैरिशॉ रायपुर में सिस्टम उन्नयन

सिस्टम में सुधार के तहत, WAG-7 इलेक्ट्रिक लोको व्हील सेट की मोटर सस्पेंशन यूनिट ओवरहॉलिंग को व्हील शॉप में विकसित किया गया।

सिस्टम में सुधार के तहत, 04 नग एडॉप्टर होल्ड करने के लिए फिक्स्चर और साइड फ्रेम वाले EM पैड को बोगी शॉप में विकसित और निर्मित किया गया है। इस प्रकार के विकास से CASNUB बोगियों के व्हील सेट को लोवरिंग करने के दौरान कर्मचारियों को लोवरिंग करने के

एक राष्ट्रभाषा से हमारी संस्कृति एक होगी और हमारा राष्ट्र दृढ़ होगा।

-अनन्तशयनम आयंगर

व्यवस्था में सुधार के तहत, उत्पादकता बढ़ाने के लिए शरीर की दुकान में वर्क स्टेशन में व्यवस्थित सामग्री स्टैकिंग सिस्टम विकसित किया गया था।

बॉडी- I और बॉडी- II सेंट्रल क्रेन गैन्ट्री में 25/01/2021 को फॉल प्रोटेक्शन सिस्टम के कमीशनिंग का कार्य पूरा किया गया ।

व्यवस्था में सुधार के तहत आउट टर्न बढ़ाने के लिए बोगी शॉप में एक नया वर्कस्टेशन विकसित किया गया ।

विशेष कार्य

1.जनवरी 21 में वैगन रिपेयर शॉप के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इतिहास रचते हुए सर्वाधिक दैनिक आऊटटर्न 21.25 प्राप्त किया .

2.CRIS द्वारा विकसित UDM (User Depot Module) को कार्यान्वित किया गया एवं 9 करोड़ से भी अधिक के लेनदेन रिकॉर्ड किया गया ।

3.सिस्टम में सुधार के तहत, डेटा दर्ज करने के एफर्ट को कम करने के लिए एयर ब्रेक, एसएबी सेक्शन और बोगी शॉप में द्विभाषी प्रिंटेड रजिस्टर उपलब्ध कराये गए ।

अग्निशमन प्रशिक्षण

तिमाही के दौरान कारखाना परिसर में समस्त कर्मचारियों के जागरूकता के लिए अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें कर्मचारियों स्वयं अग्निशमन यंत्रो को चलाकर प्रशिक्षण लिया।

प्रशिक्षण

सुपरवाइज़र एवं स्टाफ के प्रशिक्षण :-

1. कर्मशाला के बीटीसी अनुभाग में 19 HYT-RDBRIL ठेकेदारी में कार्यरत स्टाफ को SSE/ Safety द्वारा सेफ़्टी प्रशिक्षण दिया गया ।

2. वैगन रिपेयर शॉप रायपुर कारखाने के बेसिक ट्रेनिंग सेंटर में IRIMEE/Jamalpur द्वारा 02 पर्यवेक्षकों को वेल्डिंग टेक्नोलॉजी एवं कोरोजन प्रशिक्षण दिया गया।

3. MDZTI बिलासपुर द्वारा 16 वर्कशॉप स्टाफ को फिटर रेफ्रेशर कोर्स मे प्रशिक्षण दिया गया।

उपलब्धियां:-

1. इस तिमाही के दौरान 1264 पीओएच एवं 98 रिहैब और पीओएच, कुल मिलाकर 1362 वैगनों का आऊटटर्न प्राप्त किया गया। COVID-19 के निवारक उपायों हेतु SECR द्वारा दिये SDOP को पालन कर उक्त आऊटटर्न को प्राप्त किया गया।

	Last Year 2019-20		Current Year 2020-21	
	March 20	Upto March.20	Mrach 21	Upto March. 21
VUs	1252	14334	1380	12835

2.सामग्रियों की उपलब्धता, अनलॉक के उपरांत कोंट्राएक्चुअल कर्मियों के मूवमेंट एवं उदारीकरण इत्यादि हेतु, माह जून से अक्तूबर तक दैनिक आऊटटर्न में लगातार वृद्धि हुई है। डब्लू.आर.एस के इतिहास मे द्वितीय सर्वाधिक दैनिक आऊटटर्न 19.12 को प्राप्त किया गया, जो जनवरी'20 में सर्वाधिक 19.27 था।

3. इस तिमाही WRS के इतिहास मे सर्वाधिक 20 BVZI वैगनों का पी.ओ.एच किया गया।

4. WRS ने इस तिमाही में 61 BOBRN वैगनों का निर्माण किया जो कि पिछले 4 वर्षों में सबसे अधिक है।

5. दिसंबर तिमाही के दौरान वैरिशॉ रायपुर द्वारा प्राप्त किया गया आऊटटर्न चलित वित्तीय बर्ष (2020-21) का सर्वाधिक एवं वैरिशॉ के इतिहास में द्वितीय सर्वाधिक आऊटटर्न है।

6. इस तिमाही में प्राप्त किया गया दैनिक आऊटटर्न 19.28 वैरिशॉ के इतिहास में प्राप्त दैनिक आऊटटर्न में सर्वाधिक है।

7. BOXN व्हील सेटों का पीओएच:-

Wheel Sets	Last Year 2019-20		Current Year 2020-21	
	March 20	Upto March.20	Mrach 21	Upto March. 21
BOXN	6691	77718	6864	65136

8.बीवीजेडआई /बीवीसीएम/ बीवीजेडसी वैगनों का पीओएच :-

Wagon	Last Year 2019-20		Current Year 2020-21	
	March 20	Upto March.20	Mrach 21	Upto March. 21
BVZI/BVZC/ BVCM	29	446	57	510

9. एनएचएल (BOXNHL) वैगनों का पीओएच:-

Wagon	Last Year 2019-20		Current Year 2020-21	
	March 20	Upto March.20	Mrach 21	Upto March. 21
BOXNHL	211	2103	352	3685

10. वैगन होल्डिंग:-

Last Year 2019-20		Current Year 2020-21	
March 20	Upto March.20	Mrach 21	Upto March. 21
1189	1347	924	1339

11. साइकिल टाइम:-

Last Year 2019-20		Current Year 2020-21	
March 20	Upto March.20	Mrach 21	Upto March. 21
24.31	23.21	20.58	37.96

12. स्क्रैप का निस्तारण :-

	Last Year 2019-20		Current Year 2020-21	
	March 20	Upto March.20	Mrach 21	Upto March. 21
Ferrous (in MT)	4022.72	31824.66	6173.275	25718.742
Non- ferrous (in MT)	0.87	8.48	3.266	7.31
STB (in MT)	70	624	160	720
Wagon (in nos.)	185	1968	174	1007

13. मंडल को BOXNHL/ BOXN OFF POH रैक की सुपुर्दगी :- तिमाही के दौरान 06 बॉक्स एन रेक मंडल को भेजा गया एवं 03 बॉक्सएन एच एल रेक आर.एस.डी. में बनाया गया।

14. **हैंड ब्रेक गियर असेंबली का मॉडिफिकेशन** :-आर.डी.एस.ओ. के पत्र संख्या MW/BCNHS dt. 23/06/2011 के अनुसार इस कारख़ाना में इस तिमाही के दौरान 805 वैगनों में हैंड ब्रेक गिअर असेंबली को मॉडीफाई किया गया।

15. **वैगनों का लोकल पासिंग** :- इस तिमाही के दौरान ट्विन एयर ब्रेक के फिट नहीं होने के कारण 149 वैगन को लोकल पास किया गया।

16. सी टी आर बी का पी.ओ.एच.:- इस तिमाही के दौरान ओवरहालिंग हेतु लिए गए 16841नग सीटीआरबी मे से 11226 नग सेवायोग्य पाये गए ।

17. मंडल को व्हील सेट की सुपुर्दगी:-इस तिमाही के दौरान 30जोड़ी डीजल लोको, 05जोड़ी ICF, 20जोड़ी इलेक्ट्रीक लोको एवं 1406 जोड़ी BOXN व्हील सेट विभिन्न डिविजन मे सहायता के तौर पर दिया गया।

18. Cumulative Wheel Dispatch Position up to December'20 during 2020-21-

Elec. Loco	Diesel Loco	I.C.F	BOXN	N.T.P.C/OPGC	Others	Total
296	296	55	15704	40	20	16411

19. आर एस पी कार्य :-

S.N.	Description of Work	March'21	Cumulative
1	Complete renewal of end wall, sidewall and flooring of BOXN wagons (Qty.1000 wagons)	55	2747
2	Retro-fitment of twin pipe brake system in wagons (Qty. 3000 wagons)	246	8182

संपादक
श्री दयानंद साहू
उप मु.यां.इंजी.(प्रशा)

संरक्षक
श्री सुबोध चौधरी
मुख्य कर्मशाला प्रबंधक

उप संपादक
श्री राघवेन्द्र सिंह
सहा.क.का.अचिकारी एवं
राजभाषा नियंत्रण अधिकारी